# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा
(विधि एवं आर.टी.आई. प्रकोष्ठ)

क्रमांकः–वमखुविवि / कुस / 25 / 5117 दिनांकः– 11 / 06 / 2025

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा अपने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री डाक द्वारा प्रेषित की जाती है, इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की गाईड/पासबुक आदि तैयार कर विक्रय करने अथवा आंतरिक गृह कार्य/प्रोजेक्ट वर्क आदि तैयार करने में छात्रों की सहायता के लिए किसी भी निजी एजेंसी अथवा व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया गया है।

विश्वविद्यालय की जानकारी में आया है कि भ्रामक विज्ञापन के माध्यम से /विद्यार्थियों के मोबाईल पर संपर्क कर विभिन्न पाठयक्रमों की पासबुक/गाईड के विक्रय किए जाने तथा आंतरिक गृह कार्य/प्रोजेक्ट वर्क आदि तैयार करवाने के लिए विद्यार्थियों से अवैध तरीके से शुल्क वसूला जा रहा है, इन विज्ञापनों एवं व्यक्तियों/संस्थाओं से विश्वविद्यालय का कोई सम्बन्ध नहीं है एवं ना ही इन्हें विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत किया गया है।

यदि कोई विद्यार्थी इस प्रकार के विज्ञापनों/फोन पर संपर्क करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं से किसी प्रकार की सेवाऐं लेने के लिए शुल्क का भुगतान करता है तो इसके लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं है।

उक्त विज्ञप्ति समस्त विद्यार्थियों के हित में सूचनार्थ जारी की जाती है।

कुलसचिव

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. सचिव,कुलपति सचिवालय,वमखुविवि,कोटा।
2. निदेशक, क्षेत्रीय सेवा विभाग को प्रेषित कर लेख है कि भविष्य में मुद्रिक करवाई जाने वाली प्रवेश विवरणिका के प्रारंभ में उक्त विज्ञप्ति को अलग पृष्ठ पर मोटे अक्षरों में स्थाई रूप से प्रकाशित करवावें।
3. समस्त क्षेत्रीय निदेशकों को प्रेषित कर लेख है कि क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों के सूचना पट्ट पर भी उक्त विज्ञप्ति को स्थाई रूप से चस्पा रखें।
4. प्रभारी वेबसाईट को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को तत्काल वेबसाईट पर स्थाई रूप से सुलभ दिखने योग्य स्थिति में प्रदर्शित रखें।

कुलसचिव